# कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर (उ0प्र0)

(स्वायत्तशासी संस्थान)

दिनांकः **13.07.2026**

## अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि संस्थान द्वारा छात्रहित में बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0, बी0बी0ए0 एवं बी0एससी0 (गृहविज्ञान) षष्ठम सेमेस्टर कक्षाओं की सत्र 2025–26 की परीक्षा में को–करिकुलर विषय (Communication Skill and Personality Development) में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे छात्र/छात्राओं को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुये उक्त विषय की पुनर्परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन फार्म संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट https://knipssexams.in पर **दिनांक 13.07.2026** से **दिनांक 19.07.2026** तक ऑनलाइन भरा जायेगा। सम्बन्धित छात्र/छात्रा षष्ठम सेमेस्टर की अंकतालिका संलग्न कर उक्त परीक्षा फार्म निर्धारित समयावधि में **काउण्टर नम्बर 11** पर जमा करें, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा।

**(प्रो0 प्रवीण कुमार सिंह)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः सूचनार्थ प्रेषित–**

1. प्राचार्य, के.एन.आई.पी.एस.एस., सुलतानपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्षों /संकाय प्रभारियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विभाग में बने हुए छात्र/छात्राओं के व्हाट्सऐप ग्रुप में प्रसारित करने का कष्ट करें।
3. कम्प्यूटर सेक्शन, के.एन.आई.पी.एस.एस., सुलतानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संस्थान की वेबसाइट पर उपरोक्त सूचना को अपलोड करते हुए सम्बन्धित सूचना छात्र/छात्राओं की ईमेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर पर प्रेषित करें।
4. डॉ0 आर0पी0 मिश्रा, मीडिया प्रभारी, के.एन.आई.पी.एस.एस., सुलतानपुर।
5. कार्यालयीय प्रति।

**(प्रो0 प्रवीण कुमार सिंह)**
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner